Roll No. ....................

# INTERMEDIATE (IPC)
# GROUP I - PAPER 3
# COST ACCOUNTING & FINANCIAL MANAGEMENT

Total No. of Questions – 7

Total No. of Printed Pages – 24

Time Allowed – 3 Hours

Maximum Marks – 100

# RWA-H

Answers are to be given in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be valued.

Question No. 1 is compulsory.

Answer any **five** questions from the remaining **six** questions.

Working notes should form part of the answers.

**Marks**

1. Answer the following : **4×5 =20**

(a) Human Resources Department of A Ltd. computed labour turnover by replacement method at 3% for the quarter ended June 2015. During the quarter, fresh recruitment of 40 workers was made. The number of workers at the beginning and end of the quarter was 990 and 1010 respectively.

You are required to calculate the labour turnover rate by Separation Method and Flux Method.



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) A company gives the following information :

| | | |
|---|---|---|
| Margin of Safety | = | ₹ 3,75,000 |
| Total Cost | = | ₹ 3,87,500 |
| Margin of Safety (Qty.) | = | 15000 units |
| Break Even Sales in Units | = | 5000 units |

You are required to calculate :

(i) Selling price per unit

(ii) Profit

(iii) Profit/Volume Ratio

(iv) Break Even Sales (in Rupees)

(v) Fixed Cost

(c) From the following details of X Ltd., prepare the Income Statement for the year ended 31st December 2014 :

| | |
|---|---|
| Financial Leverage | 2 |
| Interest | ₹ 2,000 |
| Operating Leverage | 3 |
| Variable cost as a percentage of sales | 75% |
| Income tax rate | 30% |



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(d) A company issues 25,000, 14% debentures of ₹ 1,000 each. The debentures are redeemable after the expiry period of 5 years. Tax rate applicable to the company is 35% (including surcharge and education cess).

Calculate the cost of debt after tax if debentures are issued at 5% discount with 2% flotation cost.

2. (a) M.L. Auto Ltd. is a manufacturer of auto components and the details of its expenses for the year 2014 are given below : 8

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | Opening Stock of Material | 1,50,000 |
| (ii) | Closing Stock of Material | 2,00,000 |
| (iii) | Purchase of Material | 18,50,000 |
| (iv) | Direct Labour | 9,50,000 |
| (v) | Factory Overhead | 3,80,000 |
| (vi) | Administrative Overhead | 2,50,400 |

During 2015, the company has received an order from a car manufacturer where it estimates that the cost of material and labour will be ₹ 8,00,000 and ₹ 4,50,000 respectively. M.L. Auto Ltd. charges factory overhead as a percentage of direct labour and administrative overhead as a percentage of factory cost based on previous year's cost.

Cost of delivery of the components at customer's premises is estimated at ₹ 45,000.



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

You are required to :

(i) Calculate the overhead recovery rates based on actual costs for 2014.

(ii) Prepare a detailed cost statement for the order received in 2015 and the price to be quoted if the company wants to earn a profit of 10% on sales.

(b) VRA Limited has provided the following information for the year ending 31st March, 2015. 8

| | |
|---|---|
| Debt Equity Ratio | 2 : 1 |
| 14% long term debt | ₹ 50,00,000 |
| Gross Profit Ratio | 30% |
| Return on equity | 50% |
| Income Tax Rate | 35% |
| Capital Turnover Ratio | 1.2 times |
| Opening Stock | ₹ 4,50,000 |
| Closing Stock | 8% of sales |

You are required to prepare Trading and Profit and Loss Account for the year ending 31st March, 2015.



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

3. (a) XY Co. Ltd manufactures two products viz., X and Y and sells them through two divisions, East and West. For the purpose of Sales Budget to the Budget Committee, following information has been made available for the year 2014-15 : 8

| Product | Budgeted Sales | | Actual Sales | |
|---|---|---|---|---|
| | East Division | West Division | East Division | West Division |
| X | 400 units at ₹ 9 | 600 units at ₹ 9 | 500 units at ₹ 9 | 700 units at ₹ 9 |
| Y | 300 units at ₹ 21 | 500 units at ₹ 21 | 200 units at ₹ 21 | 400 units at ₹ 21 |

Adequate market studies reveal that product X is popular but under priced. It is expected that if the price of X is increased by ₹ 1, it will find a ready market. On the other hand, Y is overpriced and if the price of Y is reduced by ₹ 1, it will have more demand in the market. The company management has agreed for the aforesaid price changes. On the basis of these price changes and the reports of salesmen, following estimates have been prepared by the Divisional Managers :

Percentage increase in sales over budgeted sales

| Product | East Division | West Division |
|---|---|---|
| X | + 10% | + 5% |
| Y | +20% | + 10% |



© The Institute of Chartered Accountants of India

 **Marks**

With the help of intensive advertisement campaign, following additional sales (over and above the above mentioned estimated sales by Divisional Mangers) are possible :

| Product | East Division | West Division |
|---|---|---|
| X | 60 units | 70 units |
| Y | 40 units | 50 units |

You are required to prepare Sales Budget for 2015-16 after incorporating above estimates and also show the Budgeted Sales and Actual Sales of 2014-15.

(b) Balance Sheets of KAS Limited as on 31st March, 2014 and 31st March, 2015 are furnished below : **8**

**(Amount in Rupees)**

| Liabilities | As at 31st March, 2014 | As at 31st March, 2015 |
|---|---|---|
| Equity Share Capital | 75,00,000 | 1,02,50,000 |
| General Reserve | 42,50,000 | 50,00,000 |
| Profit & Loss Account | 15,00,000 | 18,75,000 |
| 13% Debentures of face value ₹ 100 each | 58,00,000 | 43,50,000 |
| Current Liabilities | 30,00,000 | 32,50,000 |
| Proposed Dividend | 7,50,000 | 9,10,000 |
| Provision for Income tax | 22,50,000 | 24,75,000 |
| **Total** | **2,50,50,000** | **2,81,10,000** |



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(Amount in Rupees)

| Assets | As at 31st March, 2014 | As at 31st March, 2015 |
|---|---|---|
| Goodwill | 10,00,000 | 7,75,000 |
| Land & Building | 68,00,000 | 61,20,000 |
| Plant & Machinery | 75,12,000 | 1,07,95,000 |
| Investment | 25,00,000 | 21,25,000 |
| Stock | 33,00,000 | 27,50,000 |
| Debtors | 24,45,000 | 36,20,000 |
| Cash and Bank | 14,93,000 | 19,25,000 |
| **Total** | **2,50,50,000** | **2,81,10,000** |

Following additional information is available :

(i) During the financial year 2014-15 the company issued equity shares at par.

(ii) Debentures were redeemed on 1st April, 2014 at a premium of 10%.

(iii) Some investments were sold at a profit of ₹ 75,000 and the profit was credited to General Reserve Account.

(iv) During the year an old machine costing ₹ 23,50,000 was sold for ₹ 6,25,000. Its written down value was ₹ 8,00,000.

(v) Depreciation is to be provided on plant and machinery at 20% on the opening balance.



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(vi) There was no purchase or sale of land and building.

(vii) Provision for tax made during the year was ₹ 4,50,000.

You are required to prepare a Cash Flow Statement for the year ended 31st March, 2015.

4. (a) The following information is furnished by ABC Company for Process – II of its manufacturing activity for the month of April 2015 : **8**

(i) Opening Work-in-Progress – Nil

(ii) Units transferred from Process I – 55,000 units at ₹ 3,27,800

(iii) Expenditure debited to Process – II :

| | | |
|---|---|---|
| Consumables | – | ₹ 1,57,200 |
| Labour | – | ₹ 1,04,000 |
| Overhead | – | ₹ 52,000 |

(iv) Units transferred to Process III – 51,000 units

(v) Closing WIP – 2000 units (Degree of completion) :

| | | |
|---|---|---|
| Consumables | – | 80% |
| Labour | – | 60% |
| Overhead | – | 60% |

(vi) Units scrapped – 2000 units, scrapped units were sold at ₹ 5 per unit.

(vii) Normal loss – 4% of units introduced



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

You are required to :

(i) Prepare a Statement of Equivalent Production.

(ii) Determine the cost per unit

(iii) Determine the value of Work-in-Process and units transferred to Process – III.

(b) RST Ltd. is expecting an EBIT of ₹ 4 lakhs for F.Y. 2015-16. Presently the company is financed entirely by equity share capital of ₹ 20 lakhs with equity capitalization rate of 16%. The company is contemplating to redeem part of the capital by introducing debt financing. The company has two options to raise debt to the extent of 30% or 50% of the total fund. **8**

It is expected that for debt financing upto 30%, the rate of interest will be 10% and equity capitalization rate will increase to 17%. If the company opts for 50% debt, then the interest rate will be 12% and equity capitalization rate will be 20%.

You are required to compute value of the company; its overall cost of capital under different options and also state which is the best option.

5. (a) State the method of costing and also the unit of cost for the following industries : **4×4 =16**

(i) Hotel

(ii) Toy-making

(iii) Steel

(iv) Ship Building



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) How would you account for idle capacity cost in Cost Accounting ?

(c) Distinguish between Net Present Value (NPV) and Internal Rate of Return (IRR) methods for evaluating projects.

(d) What is meant by venture capital financing ? State its various methods.

6. (a) PVK Constructions commenced a contract on 1st April, 2014. Total contract value was ₹ 100 lakhs. The contract is expected to be completed by 31st December, 2016. Actual expenditure during the period 1st April, 2014 to 31st March, 2015 and estimated expenditure for the period 1st April, 2015 to 31st December, 2016 are as follows : **8**

| | **Actual (₹)** 1st April, 2014 to 31 March, 2015 | **Estimated (₹)** 1st April, 2015 to 31st Dec., 2016 |
|---|---|---|
| Material issued | 15,30,000 | 21,00,000 |
| Direct Wages paid | 10,12,500 | 12,25,000 |
| Direct Wages outstanding | 80,000 | 1,15,000 |
| Plant purchased | 7,50,000 | – |
| Expenses paid | 3,25,000 | 5,40,000 |
| Prepaid Expenses | 68,000 | – |
| Site office expenses | 3,00,000 | – |



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

Part of the material procured for the contract was unsuitable and was sold for ₹ 2,40,000 (cost being ₹ 2,55,000) and a part of plant was scrapped and disposed of for ₹ 80,000. The value of plant at site on 31st March, 2015 was ₹ 2,50,000 and the value of material at site was ₹ 73,000. Cash received on account to date was ₹ 36,00,000, representing 80% of the work certified. The cost of work uncertified was valued at ₹ 5,40,000.

Estimated further expenditure for completion of contract is as follows :

- An additional amount of ₹ 4,62,500 would have to be spent on the plant and the residual value of the plant on the completion of the contract would be ₹ 67,500.
- Site office expenses would be the same amount per month as charged in the previous year.
- An amount of ₹ 1,57,500 would have to be incurred towards consultancy charges.

**Required :**

Prepare Contract Account and calculate estimated total profit on this contract.

(b) A firm has a total sales of ₹ 200 lakhs of which 80% is on credit. It is offering credit terms of 2/40, net 120. Of the total, 50% of customers avail of discount and the balance pay in 120 days. Past experience indicates that bad debt losses are around 1% of credit sales. The firm spends about ₹ 2,40,000 per annum to administer its credit sales. These are avoidable as a factor is prepared to buy the firm's receivables. He will charge 2% commission. He will pay advance against receivables to the firm at an interest rate of 18% after withholding 10% as reserve. **8**



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(i) What is the effective cost of factoring ? Consider year as 360 days.

(ii) If bank finance for working capital is available at 14% interest, should the firm avail of factoring service ?

7. Answer any **four** of the following : 4×4 =16

(a) Explain the treatment of over and under absorption of overheads in cost accounting.

(b) Describe the various steps involved in adopting standard costing system in an organization.

(c) Evaluate the role of cash budget in effective cash management system.

(d) Discuss the risk-return considerations in financing current assets.

(e) Distinguish between the following :

(i) 'Scraps' and 'Defectives' in costing

(ii) Preference Shares and Debentures

---



© The Institute of Chartered Accountants of India

**RWA-H**

**(Hindi Version)**

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है ।

शेष छः प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

कार्य टिप्पणियाँ (Working Notes) उत्तर के भाग होने चाहिए ।

**Marks**

1. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए : **4×5 =20**

(a) A लि. के मानव संसाधन विभाग ने जून 2015 की तिमाही के लिए श्रम आवर्त्त की गणना प्रतिस्थापन विधि से 3 प्रतिशत की है । इस तिमाही के दौरान 40 श्रमिकों की नयी नियुक्तियाँ की गयी । इस तिमाही के प्रारम्भ तथा अन्त में श्रमिकों की संख्या क्रमशः 990 तथा 1010 थी ।

आप से अपेक्षा है कि पृथक्करण विधि (Separation Method) तथा फ्लक्स विधि (Flux Method) से श्रम आवर्त्त दर की गणना कीजिए ।



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) एक कम्पनी निम्नलिखित सूचनायें प्रदान करती हैं :

| | | |
|---|---|---|
| सुरक्षा सीमा (Margin of Safety) (रु. में) | = | ₹ 3,75,000 |
| कुल लागत | = | ₹ 3,87,500 |
| सुरक्षा सीमा (Margin of Safety) (इकाई में) | = | 15,000 इकाइयाँ |
| सम-विच्छेद विक्रय (इकाइयों में) | = | 5,000 इकाइयाँ |

आप से अपेक्षित है कि निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(i) प्रति इकाई विक्रय मूल्य

(ii) लाभ

(iii) लाभ/मात्रा अनुपात

(iv) सम-विच्छेद विक्रय रुपये में

(v) स्थिर लागत

(c) X लि. के निम्नलिखित विवरण से 31 दिसम्बर, 2014 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय विवरण तैयार कीजिए :

| | |
|---|---|
| वित्तीय लीवरेज | 2 |
| ब्याज | ₹ 2,000 |
| परिचालन लीवरेज | 3 |
| विक्रय से परिवर्तनशील लागत का प्रतिशत | 75% |
| आयकर की दर | 30% |



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(d) एक कम्पनी 25,000, 14% ऋणपत्र प्रत्येक ₹ 1,000 का निर्गमन करती है । ऋणपत्र 5 वर्ष के बाद शोधनीय हैं । कम्पनी पर कर की दर 35% (सरचार्ज एवं शिक्षा उपकर मिलाकर) है । करोपरान्त ऋण की लागत की गणना कीजिए यह मानते हुए कि ऋणपत्र 5% की कटौती तथा 2% के निर्गमन लागत (flotation cost) पर निर्गमित किए गये हैं ।

2. (a) एम.एल. ऑटो लि. ऑटो उपकरणों के निर्माता है, उनके व्यय-विवरण वर्ष 2014 के लिए निम्नवत् है : **8**

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | सामग्री का प्रारम्भिक रहतिया | 1,50,000 |
| (ii) | सामग्री का अन्तिम रहतिया | 2,00,000 |
| (iii) | सामग्री का क्रय | 18,50,000 |
| (iv) | प्रत्यक्ष श्रम | 9,50,000 |
| (v) | कारखाना उपरिव्यय | 3,80,000 |
| (vi) | प्रशासनिक उपरिव्यय | 2,50,400 |

वर्ष 2015 के दौरान किसी कार निर्माता द्वारा कम्पनी को एक ऑर्डर प्राप्त हुआ जिसमें यह अनुमान किया गया कि सामग्री तथा श्रम पर क्रमशः ₹ 8,00,000 तथा ₹ 4,50,000 की लागत आयेगी । एम.एल. ऑटो लि. विगत वर्ष की लागत पर आधारित कारखाना उपरिव्यय (प्रत्यक्ष श्रम के प्रतिशत के रूप में) तथा प्रशासनिक उपरिव्यय (कारखाना लागत के प्रतिशत के रूप में) चार्ज करती है ।

ग्राहक के परिसर में उपकरणों की सुपुर्दगी की लागत का अनुमान ₹ 45,000 किया गया ।



© The Institute of Chartered Accountants of India

आप से अपेक्षित है कि :

(i) वर्ष 2014 की वास्तविक लागत के आधार पर उपरिव्यय दर की गणना कीजिए ।

(ii) 2015 में प्राप्त आदेश (order) के लिए विस्तृत लागत विवरण तैयार कीजिए तथा विक्रय पर 10% लाभार्जन हेतु आदेश (order) के विक्रय मूल्य की गणना कीजिए ।

(b) 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए वी.आर.ए. लि. ने निम्नलिखित सूचनाएँ प्रदान की हैं : **8**

| | |
|---|---|
| ऋण-समता अनुपात | 2 : 1 |
| 14% दीर्घकालीन ऋण | ₹ 50,00,000 |
| सकल लाभ अनुपात | 30% |
| समता पर प्रत्याय | 50% |
| आयकर की दर | 35% |
| पूँजी आवर्त्त अनुपात | 1.2 बार |
| प्रारम्भिक रहतिया | ₹ 4,50,000 |
| अन्तिम रहतिया | विक्रय का 8% |

आप 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापारिक तथा लाभ-हानि खाता तैयार कीजिए ।



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

3. (a) XY कम्पनी दो उत्पाद X तथा Y का निर्माण करती है तथा उनका विक्रय दो संभागों पूर्व तथा पश्चिम द्वारा करती है । विक्रय बजट के उद्देश्य से बजट कमेटी को वर्ष 2014-15 के लिए निम्नलिखित सूचनायें उपलब्ध करायी गयी : 8

| उत्पाद | बजटेड विक्रय | | वास्तविक विक्रय | |
|---|---|---|---|---|
| | पूर्व संभाग | पश्चिम संभाग | पूर्व संभाग | पश्चिम संभाग |
| **X** | 400 यूनिट दर ₹ 9 | 600 यूनिट दर ₹ 9 | 500 यूनिट दर ₹ 9 | 700 यूनिट दर ₹ 9 |
| **Y** | 300 यूनिट दर ₹ 21 | 500 यूनिट दर ₹ 21 | 200 यूनिट दर ₹ 21 | 400 यूनिट दर ₹ 21 |

पर्याप्त बाजार अध्ययन स्पष्ट करते हैं कि उत्पाद X की माँग अच्छी है, किन्तु कीमत कम है । स्पष्ट है कि यदि उत्पाद X की कीमत में ₹ 1 की वृद्धि कर दी जाय, तो भी बाजार उपलब्ध रहेगा । दूसरी ओर उत्पाद Y की कीमत अधिक है । यदि इसकी कीमत ₹ 1 कम कर दी जाय, तो बाजार में इसकी माँग बढ़ जायेगी । कम्पनी प्रबन्धन उपयुक्त कीमत परिवर्तनों से सहमत है । इन मूल्य परिवर्तनों तथा विक्रयकर्त्ताओं के प्रतिवेदनों के आधार पर संभाग प्रबन्धकों ने निम्नलिखित अनुमान तैयार किए :

वर्तमान बजट के ऊपर विक्रय में प्रत्याशित प्रतिशत वृद्धि निम्नवत् है :

| उत्पाद | पूर्व संभाग | पश्चिम संभाग |
|---|---|---|
| X | + 10% | + 5% |
| Y | +20% | + 10% |



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

गहन विज्ञापनों से उपर्युक्त अनुमानित विक्रय के अतिरिक्त निम्नलिखित विक्रय का अनुमान संभाग प्रबन्धकों ने किया :

| उत्पाद | पूर्व संभाग | पश्चिम संभाग |
|---|---|---|
| X | 60 यूनिट | 70 यूनिट |
| Y | 40 यूनिट | 50 यूनिट |

आप से अपेक्षा है कि उपर्युक्त अनुमानों को सम्मिलित करते हुए 2015-16 के लिए विक्रय बजट तैयार कीजिए तथा वर्ष 2014-15 के बजटेड तथा वास्तविक विक्रय को भी प्रदर्शित कीजिए ।

(b) 31 मार्च, 2014 तथा 31 मार्च, 2015 को के.ए.एस. लि. के आर्थिक चिट्ठे निम्नवत् हैं : 8

(रकम ₹ में)

| दायित्व | 31 मार्च, 2014 | 31 मार्च, 2015 |
|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 75,00,000 | 1,02,50,000 |
| सामान्य संचय | 42,50,000 | 50,00,000 |
| लाभ-हानि खाता | 15,00,000 | 18,75,000 |
| 13% ऋणपत्र (प्रत्येक ₹ 100 के) | 58,00,000 | 43,50,000 |
| चालू दायित्व | 30,00,000 | 32,50,000 |
| प्रस्तावित लाभांश | 7,50,000 | 9,10,000 |
| आयकर के लिए प्रावधान | 22,50,000 | 24,75,000 |
| कुल | **2,50,50,000** | **2,81,10,000** |



© The Institute of Chartered Accountants of India

(रकम ₹ में)

| सम्पत्तियाँ | 31 मार्च, 2014 | 31 मार्च, 2015 |
|---|---|---|
| ख्याति | 10,00,000 | 7,75,000 |
| भूमि एवं भवन | 68,00,000 | 61,20,000 |
| प्लाण्ट एवं मशीनरी | 75,12,000 | 1,07,95,000 |
| विनियोग | 25,00,000 | 21,25,000 |
| स्टॉक | 33,00,000 | 27,50,000 |
| देनदार | 24,45,000 | 36,20,000 |
| रोकड़ एवं बैंक | 14,93,000 | 19,25,000 |
| कुल | **2,50,50,000** | **2,81,10,000** |

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचनायें उपलब्ध हैं :

(i) वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान कम्पनी ने सम मूल्य पर समता अंशों का निर्गमन किया ।

(ii) ऋणपत्रों का शोधन 1 अप्रैल, 2014 को 10% प्रब्याज पर किया गया ।

(iii) कुछ विनियोग ₹ 75,000 के लाभ पर बेच दिए गये तथा उस लाभ को सामान्य संचय खाते में क्रेडिट कर दिया गया ।

(iv) वर्ष के दौरान एक पुरानी मशीन जिसका लागत मूल्य ₹ 23,50,000 था, ₹ 6,25,000 में बेच दी गयी । इसका क्रमागत अपलिखित मूल्य ₹ 8,00,000 था ।

(v) प्लाण्ट एवं मशीनरी के प्रारम्भिक मूल्य पर 20% ह्रास का प्रावधान किया जाना है ।



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(vi) भूमि एवं भवन का कोई क्रय-विक्रय नहीं किया गया ।

(vii) वर्ष के दौरान ₹ 4,50,000 का कर का प्रावधान किया जाना है ।

आप से अपेक्षित है कि 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए नकद-प्रवाह विवरण तैयार कीजिए ।

4. (a) ए.बी.सी. कम्पनी द्वारा माह अप्रैल, 2015 के लिए अपनी विनिर्माणी क्रिया-कलाप की प्रक्रिया II से सम्बन्धित निम्नलिखित सूचनायें प्रदान की गयी हैं : 8

(i) कार्य प्रगति (प्रारम्भिक) – शून्य

(ii) प्रक्रिया – I से हस्तान्तरित इकाइयाँ – 55,000 इकाइयाँ लागत ₹ 3,27,800

(iii) प्रक्रिया – II में डेबिट किए गये व्यय :

| | | |
|---|---|---|
| उपभोग्य सामग्री | – | ₹ 1,57,200 |
| श्रम | – | ₹ 1,04,000 |
| उपरिव्यय | – | ₹ 52,000 |

(iv) प्रक्रिया – III में हस्तान्तरित की जाने वाली इकाइयाँ – 51,000 इकाइयाँ

(v) कार्य प्रगति (अन्तिम) – 2000 इकाइयाँ (पूर्णता की श्रेणी) :

| | | |
|---|---|---|
| उपभोग्य सामग्री | – | 80% |
| श्रम | – | 60% |
| उपरिव्यय | – | 60% |

(vi) स्क्रैप इकाइयाँ – 2000 इकाइयाँ (₹ 5 प्रति इकाई पर विक्रय किया गया)

(vii) सामान्य क्षय – प्रस्तावित इकाइयों का 4%



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

आप से अपेक्षा है :

(i) समतुल्य उत्पादन विवरण तैयार कीजिए ।

(ii) प्रति इकाई लागत का निर्धारण कीजिए ।

(iii) कार्य प्रगति के मूल्य तथा प्रक्रिया – III में हस्तान्तरित की जाने वाली इकाइयों का निर्धारण कीजिए ।

(b) आर.एस.टी. लि. वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए ₹ 4 लाख की ब्याज एवं कर पूर्व आय (EBIT) की प्रत्याशा कर रही है । वर्तमान में कम्पनी का वित्तीयन पूर्णत: 16 प्रतिशत के पूँजीकरण की दर से ₹ 20 लाख की समता अंश पूँजी द्वारा किया गया है । कम्पनी ऋण वित्तीयन को प्रस्तावित करके समता पूँजी के एक भाग का शोधन करना चाहती है । कम्पनी के पास दो विकल्प हैं : कुल निधि का 30% या 50% ऋण द्वारा । **8**

ऐसी आशा की जाती हैं कि यदि कम्पनी 30% का ऋण वित्तीयन का विकल्प चुनती है, तो ब्याज दर 10% होगी तथा समता पूँजीकरण की दर बढ़कर 17% हो जायेगी । यदि कम्पनी 50% ऋण वित्तीयन का विकल्प चुनती है, तो ब्याज की दर 12% तथा समता पूँजीकरण की दर बढ़कर 20% हो जायेगी ।

आप से अपेक्षा है कि कम्पनी के मूल्य की गणना कीजिए, विभिन्न विकल्पों के अन्तर्गत इसके समग्र पूँजी लागत (overall cost of capital) की भी गणना कीजिए तथा बताइए कि कौन सा सबसे अच्छा विकल्प है ।

5. (a) निम्नलिखित उद्योगों के लिए लागत विधि एवं लागत की इकाई का उल्लेख कीजिए : **4×4 =16**

(i) होटल

(ii) खिलौना-निर्माण

(iii) स्टील

(iv) जलपोत-निर्माण



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) लागत लेखांकन में निष्क्रिय क्षमता का लेखांकन व्यवहार कैसे किया जायेगा ?

(c) परियोजनाओं के मूल्यांकन में शुद्ध वर्तमान मूल्य (NPV) तथा आन्तरिक प्रत्याय दर (IRR) में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

(d) जोखिम-पूँजी वित्तीयन से क्या आशय है ? इसकी विभिन्न विधियों को स्पष्ट कीजिए ।

6. (a) पी.वी.के. कन्स्ट्रक्सन्स ने 1 अप्रैल, 2014 को एक ठेका प्रारम्भ किया । ठेके का मूल्य ₹ 100 लाख था । ठेके को 31 दिसम्बर, 2016 को पूरा किया जाना है । वास्तविक व्यय 1 अप्रैल, 2014 से 31 मार्च, 2015 तक के दौरान तथा प्रत्याशित व्यय 1 अप्रैल, 2015 से 31 दिसम्बर, 2016 तक के दौरान निम्नवत् हैं : 8

| | वास्तविक व्यय (₹) | प्रत्याशित व्यय (₹) |
|---|---|---|
| | 1 अप्रैल, 2014 से 31 मार्च, 2015 | 1 अप्रैल, 2015 से 31 दिसम्बर, 2016 |
| निर्गमित सामग्री | 15,30,000 | 21,00,000 |
| प्रत्यक्ष मज़दूरी भुगतान | 10,12,500 | 12,25,000 |
| प्रत्यक्ष मज़दूरी बकाया | 80,000 | 1,15,000 |
| संयंत्र क्रय | 7,50,000 | – |
| व्ययों का भुगतान | 3,25,000 | 5,40,000 |
| पूर्व भुगतान | 68,000 | – |
| कार्य स्थल कार्यालय व्यय | 3,00,000 | – |



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

ठेके के लिए प्राप्त सामग्री का एक भाग अनुपयुक्त था जिसे ₹ 2,40,000 में बेच दिया गया (जिसकी लागत ₹ 2,55,000 थी) तथा संयंत्र का एक भाग स्क्रैप हो गया तथा वह ₹ 80,000 में बेच दिया गया । 31 मार्च, 2015 को कार्यस्थल पर संयंत्र की कीमत ₹ 2,50,000 तथा सामग्री का मूल्य ₹ 73,000 था । इस तिथि को नकद प्राप्ति ₹ 36,00,000 थी जो प्रमाणित कार्य की 80% थी । अप्रमाणित कार्य की लागत का मूल्यांकन ₹ 5,40,000 किया गया ।

ठेके की पूर्णता के लिए पुनः निम्नलिखित व्यय अनुमानित किए गये :

- संयंत्र पर ₹ 4,62,500 की अतिरिक्त धनराशि व्यय की जानी है तथा ठेके की पूर्णता पर इनका अवशेष मूल्य ₹ 67,500 आँका गया ।
- कार्य स्थल कार्यालय का व्यय वही होगा जो पिछले वर्ष प्रतिमाह चार्ज किया गया था ।
- ₹ 1,57,500 की धनराशि सलाह (consultancy) के मद में व्यय की जानी है ।

**अपेक्षित है :**

ठेका खाता तैयार कीजिए तथा इस ठेके पर कुल अनुमानित लाभ की गणना कीजिए ।

(b) एक फर्म का कुल विक्रय ₹ 200 लाख है, जिसका 80% उधार विक्रय है । कम्पनी की उधार की शर्त 2/40 शुद्ध 120 है । कुल के 50% ग्राहक रोकड़ छूट का लाभ उठाते हैं, शेष 120 दिनों में भुगतान करते हैं । पिछला अनुभव बताता है कि डूबत ऋण हानियाँ उधार विक्रय के 1% के लगभग हैं । फर्म उधार विक्रय के प्रबन्धन पर ₹ 2,40,000 प्रति वर्ष व्यय करती है । फर्म इस व्यय से बच सकती है क्योंकि एक मध्यस्थ (factor) फर्म की प्राप्यों को क्रय करने के लिए तैयार है । वह 2% कमीशन चार्ज करेगा । वह प्राप्यों पर 10% संचय हेतु रखकर 18% की ब्याज दर पर फर्म को अग्रिम देगा । **8**

(i) फैक्टरिंग की प्रभावी लागत क्या है ? (वर्ष में 360 दिन की कल्पना कीजिए ।)

(ii) यदि 14% ब्याज दर पर कार्यशील पूँजी हेतु बैंक वित्तीयन उपलब्ध हो, तो क्या फर्म को मध्यस्थ (factor) की सेवा लेनी चाहिए ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए : 4×4 =16

(a) लागत लेखांकन में उपरिव्ययों के अधि एवं न्यून अवशोषण के व्यवहार की व्याख्या कीजिए ।

(b) किसी संगठन में प्रमाप लेखांकन प्रणाली अपनाये जाने में सन्नद्ध विभिन्न चरणों का वर्णन कीजिए ।

(c) प्रभावी रोकड़ प्रबन्धन प्रणाली में रोकड़ बजट की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए ।

(d) चालू सम्पत्तियों के वित्तीयन में जोखिम-प्रत्याय विचारधारा की विवेचना कीजिए ।

(e) निम्नलिखित में अन्तर स्पष्ट कीजिए :

(i) लेखांकन में स्क्रैप (Scraps) तथा दोषपूर्ण उत्पादन (Defectives)

(ii) पूर्वाधिकार अंश तथा ऋणपत्र

---



© The Institute of Chartered Accountants of India